पंजीयन क्रं. 06/09/01/04737/04

# विचार मासिक पत्रिका

कुल पृष्ठ 24, वर्ष 2, अंक 20

माह - नवंबर 2020, मूल्य - निःशुल्क

आपके विकास को समर्पित

॥विचार संस्था॥

( स्थापना वर्ष 2003 )



घरोंदा आश्रम में विचार सहायक सौरभ रांधेलिया द्वारा संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया का जन्मदिन दिव्यांगों की सेवा करने के भाव से मनाया गया। इस अवसर पर दिव्यांगों को नाश्ता वितरित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया।

# पदाधिकारी



**कपिल मलैया**
संस्थापक व अध्यक्ष, मो. 9009780020
FB : @KapilMalaiyaOriginal



**सुनीता जैन**
कार्यकारी अध्यक्ष
मो. 9893800638



**आकांक्षा मलैया**
सचिव, मो. 9165422888
FB : @AkankshaMalaiyaOriginal




**विनय मलैया**
कोषाध्यक्ष, मो. 9826023692



**नितिन पटैरिया**
मुख्य संगठक, मो. 9009780042



**अखिलेश समैया**
मीडिया प्रभारी, मो. 9302556222



**हरगोविंद विश्व**
मार्गदर्शक



**राजेश सिंघई**
मार्गदर्शक



**श्रीयॉश जैन**
मार्गदर्शक

**पता - 258/1, आदिनाथ कार्स लिमि. के पीछे, तिलकगंज वार्ड,**
**सागर (म.प्र.) - 470002, हेल्पलाइन नं. 9575737475**

विचार समिति का मासिक प्रकाशन

# विचार मासिक पत्रिका

वर्ष - 2, अंक - 20, नवंबर - 2020

**संपादक**

**आकांक्षा मलैया**

**प्रबंधक व प्रकाशक**

विचार समिति

स्वामित्व

**विचार समिति**

258/1, मालगोदाम रोड

तिलकगंज सागर ( म.प्र. )

पिन - 470002

**Email: sanstha.vichar@gmail.com**

**Phone: 9575737475**

**मुद्रण**

तरूण कुमार सिंघई, अरिहंत ऑफसेट

पारस कोल्ड स्टोरेज, बताशा गली,

रामपुरा वार्ड, सागर ( म.प्र. )

पिन - 470002

# अनुक्रमाणिका

## टॉप स्टोरी :-

1. आप भी बन सकते हैं अंत्योदय शिक्षा प्रेरक ................ 4

2. आपकी जिम्मेदारी युवाओं को रोजगार का मौका ..... 6

## विचार संस्था की गतिविधियां :-

1. विचार कार्यालय प्रांगण में कोरोना वारियर्स के नाम पर वृक्ष लगाकर उनका सम्मान किया गया ............. 7

2. बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में विचार संस्था द्वारा बनाई हेल्प-डेस्क में अभी तक 640 समस्याओं में से 90% आंकड़ों के साथ 576 मामलों का निदान किया गया ... 9

3. विचार कोरोना वारियर्स को टिफिन सेट देकर सम्मानित किया गया ................................ 10

4. “मास्क ही वैक्सीन” .................................................. 11

5. विचार संस्था में विचार संस्था के संस्थापक का जन्मदिन मनाया गया ............................................ 13

6. दिव्यांगों की सेवा करना सबसे महान धर्म है : कपिल मलैया ........................................ 14

7. विचार संस्था की अपील : इस दीवाली पर गोबर के दिए जलाएं.................................................. 15

8. बीएमसी में विचार सहायता केंद्र में फल दानकर्ता ..................................................... 16

9. विचार संस्था ने साक्षी के इलाज के लिए दिए 1 लाख रुपए ............................................ 18

10. सौरभ रांधेलिया विचार संस्था के उपाध्यक्ष बने ..................................................... 18

9. विचार संस्था की साप्ताहिक (ऑनलाइन) बैठक ...... 19

**मीडिया कवरेज** ........................................ 20

# आप भी बन सकते हैं अंत्योदय शिक्षा प्रेरक!



प्रेरक पूनम मेवाती, प्रीति केशरवानी, दीक्षा भदौरिया बच्चों को पेंटिंग के माध्यम से शिक्षा देते हुए

इस कोरोना के दौर में कई ऐसे नन्हे-नन्हे बच्चे हैं , जो तकनीकी एवं अन्य सुविधाओं के अभाव में शिक्षा से वंचित रह गए हैं। उनके लिये ISRN एवं विचार संस्था द्वारा एक सार्थक प्रयास किया जा रहा है जो है अंत्योदय शिक्षा प्रेरक योजना, जिसमें हम अपनी जिंदगी से बस कुछ समय निकालकर इन बच्चों को फिर से पढ़ाई से जोड़ सकते हैं। हम रोचक तरीकों से बच्चों को मौलिक ज्ञान की बातें सिखला सकते हैं, जैसे -

● खेल के माध्यम से बच्चों को ऑड-इवन नंबर सिखाया जा सकता है तो बैठने के तरीके से बढ़ते-घटते क्रम।

● 'करो और सीखो' के तरीके का प्रयोग कर सकते हैं जैसे सेव खाते-खाते बच्चे को सेव के फायदे बताना, खुद बच्चों से पेड़ का बीज लगवाना और समय समय पर पौधे के बड़े होने की प्रक्रिया समझाना, पौधे के अंग बताना।

● हम हर सप्ताह बच्चों को किसी एक 'scientist of the week' के बारे में बता सकते हैं, और घरेलु सामान से ही उन्हें ढेरों practical experiments करवा सकते हैं।

● बच्चे चीज़ें को देखकर-देखकर जल्दी सीख पाएं इसके लिए हम






प्रेरक श्रेष्ठ मुखारिया, मधु मौर्य, वर्षा राजपूत, प्रखर नेमा बच्चों को पेंटिंग के माध्यम से शिक्षा देते हुए

अक्षर, फल, सब्जी, शरीर के अंग, गुड मैनर्स आदि के चार्ट्स का प्रयोग कर सकते हैं।

इससे न केवल वह बच्चे उस ज्ञान को जिंदगी भर अपने जहन में रखेंगे, बल्कि आगे पढ़ाई करने के लिए भी प्रेरित हो सकेंगे।

**'अन्त्योदय शिक्षा प्रेरक' बनने पर आपको संस्था द्वारा –**

- टीचिंग किट प्रदान की जाएगी।
- हर सप्ताह नई-नई गतिविधियों की जानकारी ऑनलाइन मीटिंग द्वारा दी जाएगी।
- अंतराष्ट्रीय स्तर के नेटवर्क से जोड़ा जायेगा।
- तीन माह की इस परियोजना पश्चात सम्मान पत्र प्रदान किया जायेगा।

इस परियोजना से जुड़ने के लिए आप प्रतिदिन कुछ समय निकलकर जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क पढ़ने का संकल्प लें और नीचे दी हुई लिंक पर क्लिक करके अपने 'अंत्योदय शिक्षा प्रेरक' होने का पंजीयन करें।

https://docs.google.com/forms/d/1u13QnEn2W0frhfa_VhvarNH4gGFxHluPIl8g6vD2akc/edit

अधिक जानकारी हेतु या पंजीयन में मदद हेतु कॉल करें - 9165422888

# आपकी जिम्मेदारी युवाओं को रोजगार का मौका

## सामाजिक कार्य नहीं नैतिक जिम्मेदारी

हम अगर अपने दिल से नैतिक जिम्मेदारी निभाएंगे तो युवाओं को रोजगार का मौका मिलेगा आश्चर्य हुआ न, तो जाने कैसे?

**जिम्मेदारी** – इडीबल कटलरी का उपयोग करके हम प्लास्टिक का उपयोग कम कर सकते हैं। प्लास्टिक का उपयोग कम करना जरूरी है। क्योंकि उसको जलाने पर कार्बन डाइऑक्साइड गैस निकलती है उसे नष्ट करना आसान नहीं है। प्लास्टिक जानवर खा लेते हैं जो नुकसान करता है। आप प्लास्टिक का उपयोग न करके पर्यावरण को बचा सकते हैं।

**अवसर** – इडीबल कटलरी इंडस्ट्री एक बहुत बड़ी इंडस्ट्री बन सकती है इससे कई युवाओं को रोजगार भी मिल सकता है।

**जिम्मेदारी** – कार्ड बोर्ड फर्नीचर का उपयोग करके आप प्लास्टिक का उपयोग कम कर सकते हैं। कार्डबोर्ड से बच्चों के खिलौने भी बनते हैं बेड, चेयर, टेबल, ऑफिस का फर्नीचर सभी आइटम प्लास्टिक के सामान को रिप्लेस कर सकते हैं।

**अवसर** – कार्ड बोर्ड फर्नीचर एक बहुत बड़ी इंडस्ट्री के रूप में आ सकती है जिससे नए रोजगार पैदा होंगे।

**जिम्मेदारी** – बैग एंड स्ट्राय कोकोनट से बने हुए उपयोग में ला सकते हैं इससे प्लास्टिक और चमड़ा को रिप्लेस किया जा सकता है।

**अवसर** – जूट और कॉटन बैग की इंडस्ट्री बनाई जा सकती है और नए रोजगार पैदा किए जा सकते हैं।

**जिम्मेदारी** – गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करके रख सकते हैं। जिससे जानवरों को आप रोज बचा खाना और खाने के छिलके दे सकते हैं और सूखे कचरे को रिसाइकिल करके उपयोग कर सकते हैं।

**अवसर** – रिसाइकिल प्लांट लगाए जा सकते हैं जिससे नए रोजगार पैदा किए जा सकते हैं।

**जिम्मेदारी** – बारिश के पानी को स्टोर करना चाहिए यह पीने में बहुत फायदेमंद होता है और बाकी के कामों में आपके उपयोग भी आ सकता है।

**अवसर** – घर-घर स्टोरेज टैंक बनाए जा सकते हैं जिससे इसको एक तरह का प्रोजेक्ट बनाया जा सकता है और नए रोजगार पैदा किए जा सकते हैं।

**जिम्मेदारी** – वॉटर हैंडटैंक क्लीन करना जिससे आपको हमेशा साफ पानी पीने और बाकी कामों को मिल सके।

**अवसर** – स्टार्टअप प्रोजेक्ट के रूप में सिटी के वाटर हैंडटैंक क्लीन प्रोजेक्ट बनाए जा सकते हैं। जिससे नए रोजगार मिल सकते है।

**जिम्मेदारी** – स्थानीय बने खिलौनों का उपयोग करना और साथ ही साथ स्थानीय बने सामान खरीदना चाहिए।

**अवसर** – ट्राय एंड एनिमेशन एक बहुत बड़ी इंडस्ट्री बन सकती है। भारत में अभी बहुत बड़ा मार्केट खाली है इस इंडस्ट्री के लिए जिसमें लाखों लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

**कुछ जिम्मेदारी हम सबको निभानी चाहिए –**

1. वाटर स्प्राईकलेस का उपयोग करके हम घर का पानी 60 प्रति. तक बचा सकते हैं।
2. रक्तदान जरूर करना चाहिए इससे हम तीन लोगों की जान बचा सकते हैं साथ ही रक्तदान करने से आपको आने वाली कई बीमारियों से भी बच सकते हैं।
3. आपको घर पर रखे हुए कपड़े बर्तन, किताबें खिलौने और अन्य वस्तु जो उपयोगी नहीं है वह किसी जरूरतमंद को देना चाहिए। देखा आपने हम अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे तो साथ ही साथ कितने रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं इसलिए कहा था सामाजिक कार्य नहीं है ।

यह कहना सही होगा अपनी नैतिक जिम्मेदारी है। जो काम बड़ी-बड़ी संस्थाएं कर रही हैं वह आप घर बैठे-बैठे कर सकते हैं। एक परिवर्तन की जरूरत है, आप हम सब मिलकर एक नया भारत बनाएंगे।

**– सौरभ रांधेलिया**
**विचार सहायक**

# विचार कार्यालय प्रांगण में कोरोना वारियर्स के नाम पर वृक्ष लगाकर उनका सम्मान किया गया



विचार कार्यालय के प्रांगण में वृक्ष लगाकर कोरोना वारियर्स का सम्मान किया गया।

विचार कार्यालय के प्रांगण में वृक्ष लगाकर कोरोना वारियर्स का सम्मान किया गया है। इन वृक्षों से लगी दीवार पर उन वारियर्स के नाम लिखे गए हैं जिन्होंने इस कोरोना संकट काल में संस्था के माध्यम से हजारों लोगों की मदद की है। समाज सेवा के कार्यों में तत्पर रहकर विचार संस्था के माध्यम से राजेश सिंघई, सुनीता अरिहंत, नितिन पटैरिया, अखिलेश समैया, सूरज सोनी, सौरभ रांधेलिया, रामकृष्ण मिश्रा, कार्तिक भाई पटेल, धवल कुशवाहा, अनुराग विश्वकर्मा, तुलसीराम, देवेन्द्र वर्मा, सुनील जादूगर, राहुल अहिरवार, शिखा चौरसिया, पूजा लोधी, पूजा प्रजापति, विनोद विश्वकर्मा, सुनील साहू, साहब सिंह, नीलेश पटेल, अरविंद अहिरवार, राम कुमार बाल्मिकी, बद्री सेन, इंदरसिंह, जवाहर लाल अहिरवार, प्रदीप आठिया, रामकुमार रैकवार, शरद मोहन दुबे, संजेश सिंह, और आशीष सिंह के विशेष योगदान को देखते हुए यह सम्मान दिया गया है। यह वही वारियर्स हैं जिन्होंने इस कोरोना संकट काल मे बगैर डरे बस्तियों में जाकर उन घरों में जहां वास्तव में जरूरत थी वहां पहुंचकर अनाज पहुंचाया। भोजन पहुंचाया। कोरोना को लेकर व्यवस्था संभाल रहे सुरक्षा कर्मियों, पुलिस कर्मियों को समय-समय पर सैनिटाइजर



वृक्षारोपण के पश्चात संस्थापक कपिल मलैया विचार सेवक पूजा लोधी को जन्मदिन का उपहार देते हुए।

एवं अन्य सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराकर उनका हौसला बढ़ाया। राजमार्ग पर जाकर लगातार 17 दिन तक पलायन कर रहे मजदूरों को खिचड़ी व खाना, पानी बांटा। मोहल्ला-मोहल्ला जाकर जागरूकता रथ के माध्यम से कोरोना जागरूकता अभियान चलाया। लगातार दो माह से ज्यादा समय से बुंदेलखंड मेडीकल कालेज में संचालित विचार सहायता केंद्र में यह कोरोना वैरियर्स सुबह 6 से रात के 12 बजे तक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस योजनाओं के अंतर्गत सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कालेज में चलाई जा रही हेल्प-डेस्क कोविड19 मरीज और उनके परिजनों को संजीवनी बनकर आई है। इसके माध्यम से मरीजों और उनके परिजनों की सभी समस्याओं को सुनकर उनका निदान किया जाता है।

अभी तक संस्था द्वारा हेल्प-डेस्क के माध्यम से 70 दिनों में 640 समस्याओं में से 90 प्रतिशत परिणामों के साथ 576 मरीजों और उनके परिजनों को आने वाली समस्याओं का निदान किया चुका है। सागर बुंदेलखंड मेडिकल कालेज में कोविड 19 मरीजों के बीच रहकर चलाई जा रही हेल्प-डेस्क पहली योजना है। देशभर में शायद ही ऐसी योजना दूसरी जगह संचालित हो रही होगी। इस तरह की मुहिम के तहत और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने और कोविड मरीजों और स्वास्थ्य विभाग अमला के बीच की दूरियां को भरने का कार्य किया जा रहा है।

# बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में विचार संस्था द्वारा बनाई हेल्प-डेस्क में अभी तक 640 समस्याओं में से 90% आंकड़ों के साथ 576 मामलों का सफल निदान किया गया




बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में मरीजों व उनके परिवारों की सहायता करते हुए विचार सेवक

# विचार कोरोना वारियर्स को टिफिन सेट देकर सम्मानित किया गया

**सागर।** कोविड 19 मरीजों और उनके परिजनों की समस्याओं के निदान के लिए बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में सागर कमिश्नर जे.के.जैन की पहल पर विचार संस्था ने हेल्प-डेस्क शुरू की है। लगातार 70 दिनों से अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले विचार कोरोना वारियर्स को बतौर सम्मान एक-एक टिफिन सेट विचार सहायक सौरभ रांधेलिया के द्वारा संस्था को प्रदान किए गए।




विचार कोरोना वारियर्स को सम्मान स्वरूप टिफिन सेट देते हुए संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया

# "मास्क ही वैक्सीन"

## मास्क वितरण कार्यक्रम - तिली चौराहा आगम पेट्रोल पंप




बच्चों, दिव्यांग और राहगीरों को मास्क वितरित करते हुए विचार सेवक

दैनिक भास्कर के मास्क ही वैक्सीन अभियान के तहत आज तिली चौराहे आगम पेट्रोल पंप पर करीब 135 लोंगों को मास्क पहनाए गए। जिनमें बच्चों से लेकर दिव्यांग तथा राहगीर शामिल थे। विचार संस्था ने आगम पेट्रोल पंप पर चार बूथ बनाया। इन पर लोगों की हैंड सैनिटाइजिंग से लेकर थर्मल स्क्रीनिग और ऑक्सीजन सैचुरेशन की जाँच की गई। इस दौरान करीब 135 लोंगों में से 3 लोगों की पल्स असमान्य मिली इन लोगों को डॉक्टर से जाँच कराने की सलाह दी गई । इस दौरान विशाल चौधरी, विशेष चौधरी, और संस्था से अखिलेश समैया, पूजा लोधी, पूजा प्रजापति , अरविन्द अहिरवार, राम कुमार आदि उपस्थित रहे ।

# ग्राम बम्होरी बीका में मास्क वितरण

सागर से सटे ग्राम बम्होरी बीका में विचार संस्था द्वारा मास्क ही वैक्सीन है जैसी लाइनों को आंगे बढ़ाते ग्रामीणों को कोरोना से सुरक्षा को लेकर समझाइस दी गई। साथ ही संस्था द्वारा ग्रामीणों को सैकड़ों मास्क वितरित किए गए। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत में विराजमान देवी जी के प्रांगण में किया गया। इस स्थान पर देवी माता की स्थापना के साथ 7 दिवसीय भागवत कथा का आयोजन भी किया जा रहा है जहां विचार संस्था द्वारा भागवत कथा समापन तक यहां आने वाले वाले श्रद्धालुओं के साथ मास्क वितरण कार्यक्रम जारी रखा जाएगा।



मास्क वितरित करते विचार सेवक



कोमलचंद पेट्रोल पंप पर मास्क वितरित किए गए







ग्राम बम्होरी बीका में विचार संस्था द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करते हुए विचार सेवक।

# विचार संस्था में विचार संस्था के संस्थापक का जन्मदिन मनाया गया



विचार कार्यालय में संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया के जन्मदिन के अवसर पर गोबर से बने दीपकों के पैकेट का विमोचन करते हुए विचार सेवक।

सागर। विचार संस्था कार्यालय में 14 अक्टूबर को संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया का विचार सेवकों ने जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर मार्गदर्शक श्रेयांश जैन ने मलैया जी के बारे में बताते हुए कहा कि वेदों के अनुसार सृष्टि व्यवस्थित चल सके उसके लिए ईश्वर अपने अंश के रूप में जन्म लेते हैं। आपकी वजह से जिन हजारों घरों के परिवारों में खुशहाली है उन सभी के लिए आप उसी ईश्वरीय अंश के समान हैं। कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने कहा कि एक सफल व्यवसायी होकर समाजसेवा के क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ कर पाएं ऐसा बहुत कम देखने को मिल पाता है। आप ऐसा करने में सफल हुए हैं। जिन्हें मदद की सही दरकार है, जिन योजनाओं से जरूरतमंद लाभान्वित हो सकें। वहां विचार टीम सघन जांच कर पहुंचती है। मुख्य संगठक नितिन पटैरिया ने बताया कि आप विचार संस्था के माध्यम से नगर के सभी प्रबुद्धजनों और बुद्धिजीवियों को साथ लेकर लाखों मदद के हाथों तक पहुंचने में कामयाब हुए हैं। आज विचार का नाम मध्यप्रदेश की अग्रणी सामाजिक संस्थाओं में गिना जाने लगा है। आपके लिए आदिनाथ परिवार का हर सदस्य आपके परिवार का हिस्सा है। आज आदिनाथ परिवार, विचार की सभी गतिविधियों में बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहा है। मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया ने कहा कि आपका ध्येय, बुंदेलखंड अंचल को सुखी और समृद्ध देखना है जिसके लिए विचार संस्था सैकड़ों योजनाओं को जमीन पर उतारने में सफल हुई है। शैलेन्द्र राजपूत ने कहा कि आप जिस तरह अपने संस्थानों की सभी टीम को एक सूत्र में पिरोने में कामयाब हुए हैं ठीक वैसे ही सफल व्यवसायी आपके जैसे समाजसेवा के क्षेत्र में बढ़चढ़कर आगे आने लगें तो बुंदेलखंड के समूचे विकास की इबारत जरूर लिखी जा सकेगी। सभी विचार सेवकों ने कपिल भैया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि आप स्वस्थ और खुशहाल रहकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकें।

# दिव्यांगों की सेवा करना सबसे महान धर्म है : कपिल मलैया

घरोंदा आश्रम में विचार सहायक सौरभ रांधेलिया द्वारा संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया का जन्मदिन दिव्यांगों की सेवा करने के भाव से मनाया गया। दिव्यांगों को नाश्ता वितरित कर विचार सेवकों को बड़ी खुशी महसूस हुई। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया ने कहा कि दिव्यांगों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। सरकार इन्हें हर प्रकार की सुविधाएं मुहैया करा रही है ताकि इनके मन में किसी प्रकार की उपेक्षा की भावना पैदा न हो सके।











घरोंदा आश्रम में संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया दिव्यांगों को नाश्ता करते हुए।

# विचार संस्था की अपील : इस दीवाली पर गोबर के दिए जलाएं

विचार संस्था ने स्वाबलंबन योजना के अंतर्गत गोबर से स्वदेशी उत्पाद बनाने के प्रोजेक्ट पर कार्य करना शुरू किया है। इस योजना का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर उनके द्वारा स्थानीय श्रमिकों को रोजगार देना है। विचार संस्था ने मोहल्ला विकास की टीमों को प्रशिक्षण दिया था। इस योजना के अंतर्गत गाय के गोबर, मिट्टी और प्रीमिक्स सामग्री से दीपक, गणेश, लक्ष्मी की मूर्ति, स्वस्तिक, श्री, गमला, बंधनवार आदि वस्तुओं का निर्माण सांचों द्वारा स्वदेशी भारत अभियान के अंतर्गत बनाये गए हैं। विचार संस्था ने सभी नगरवासियों से अपील की है कि इस दीपाली गोबर के दीपक जलाकर गौ माता की सेवा, पर्यावरण संरक्षण, आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार और जरूरतमंदों को रोजगार प्रदान करना है।







विचार संस्था द्वारा संचालित मोहल्ला विकास की टीमें गोबर के दीपक बनाते हुए।

| बीएमसी फल दानकर्ता सूची सागर-2020 | | | |
|---|---|---|---|
| क्र. | फल दानकर्ता का नाम | आईसीयू वार्ड में फल दानकर्ता | दिनांक |
| 1 | श्री राजेश मलैया जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 19-8-2020 |
| 2 | श्रीमती डॉ. शैफाली मलैया जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 20-8-2020 |
| 3 | श्री प्रदीप आठिया जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 21-8-2020 |
| 4 | श्री सोमेश कुलश्रेष्ठ जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 22-8-2020 |
| 5 | सहिबा खान जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 23-8-2020 |
| 6 | श्री राजा खान जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 24-8-2020 |
| 7 | श्री सुलभ सोनी जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 24-8-2020 |
| 8 | श्री ब्रजलाल रजक जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 24-8-2020 |
| 9 | श्री गगनदीप झा जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 25-8-2020 |
| 10 | श्री नीरज शिल्पकार जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 25-8-2020 |
| 11 | श्री अनिल सिंह लोधी जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 25-8-2020 |
| 12 | श्री वर्षा राजपूत जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 26-8-2020 |
| 13 | श्री मुकेश रजक जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 26-8-2020 |
| 14 | श्री राजेंद्र आठिया जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 26-8-2020 |
| 15 | श्री प्रमोद साहू जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 27-8-2020 |
| 16 | श्री असद खान जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 27-8-2020 |
| 17 | श्री गोलू कुशवाहा जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 27-8-2020 |
| 18 | श्री प्रशांत गंगवाल जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 28-8-2020 |
| 19 | गुप्तदान | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 29-8-2020 |
| 20 | श्री मानवेन्द्र सिंह कौशिक जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 30-8-2020 |
| 21 | शुभांगी सुनीता अरिहंत जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 31-8-2020 |
| 22 | श्री ब्रजेन्द्र पाल सिंह ठाकुर जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 1/9/2020 |
| 23 | श्री मनोज जैन जी (एसएस मेडिको) | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 2/9/2020 |
| 24 | श्रीमति प्रीति मनोज जैन जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 3/9/2020 |
| 25 | पलक, तेजश जैन जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 4/9/2020 |
| 26 | श्री डी.के. जैन जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 5/9/2020 |
| 27 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 6/9/2020 |
| 28 | श्री आलोक अग्रवाल जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 7/9/2020 |
| 29 | श्री आदित्य आलोक अग्रवाल जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 8/9/2020 |
| 30 | श्रीमति सुधा अमित चौधरी जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 9/9/2020 |
| 31 | श्रीमति सरिता जिनेद्र जैन जी (आदिनाथ मेडिको परिवार) | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 10/9/2020 |
| 32 | श्री अंकित सिंघई जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 11/9/2020 |
| 33 | श्री आशीष पाठक जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 12/9/2020 |
| 34 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 13/9/2020 |
| 35 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्री दिलीप रांधेलिया जी | 14/9/2020 |
| 36 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्रीमति संध्या रांधेलिया जी | 15/9/2020 |
| 37 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्रीमति अंकिता रांधेलिया जी | 16/9/2020 |
| 38 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | मास्टर बाहू रांधेलिया जी | 17/9/2020 |
| 39 | श्री प्रमोद उपाध्याय जी | श्री दिलीप रांधेलिया जी | 18/9/2020 |
| 40 | श्री अभिषेक जैन जी (आर्किटेक्ट, इंदौर) | श्री नरेन्द्र कुमार जैन जी | 19/9/2020 |

| क्र. | फल दानकर्ता का नाम | आईसीयू वार्ड में फल दानकर्ता | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 41 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्रीमति सुरभि रांधेलिया जी | 20/9/2020 |
| 42 | श्री प्रमोद उपाध्याय जी | श्रीमति संध्या रांधेलिया जी | 21/9/2020 |
| 43 | श्री अभिषेक जैन जी (आर्किटेक्ट, इंदौर) | श्रीमति प्रमिला जैन जी | 22/9/2020 |
| 44 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्री अमोल जैन जी | 23/9/2020 |
| 45 | श्री प्रमोद उपाध्याय जी | श्रीमति अंकिता रांधेलिया जी | 24/9/2020 |
| 46 | श्री अभिषेक जैन जी (आर्किटेक्ट, इंदौर) | श्री सुगम कोठारी जी | 25/9/2020 |
| 47 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्री नरेन्द्र कुमार जैन जी | 26/9/2020 |
| 48 | श्री प्रमोद उपाध्याय जी | मास्टर बाहू रांधेलिया जी | 28/9/2020 |
| 49 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्रीमति प्रमिला जैन जी | 29/9/2020 |
| 50 | अनुषा मलैया जी | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 30/9/2020 |
| 51 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्री सुगम कोठारी जी | 1/10/2020 |
| 52 | श्री प्रमोद उपाध्याय जी | श्रीमति सुरभि रांधेलिया जी | 2/10/2020 |
| 53 | डॉ. गरिमा मोदी जी (प्रेसिडेंट, | श्री सौरभ रांधेलिया जी | 3/10/2020 |
| 54 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्री सिद्धार्थ कोठारी जी | 4/10/2020 |
| 55 | श्री प्रमोद उपाध्याय जी | श्री अमोल जैन जी | 5/10/2020 |
| 56 | श्री एम.आर. ढाका जी | – | 6/10/2020 |
| 57 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | शालू कोठारी जी | 7/10/2020 |
| 58 | श्री एम.आर. ढाका जी | – | 8/10/2020 |
| 59 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | सौरभ रान्धेलिया जी | 9/10/2020 |
| 60 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्रीमति प्राची रूसिया जी | 10/10/2020 |
| 61 | श्री एम.आर. ढाका जी | – | 11/10/2020 |
| 62 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्रीमति प्राची रूसिया जी | 12/10/2020 |
| 63 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्री सौरभ रान्धेलिया जी | 13/10/2020 |
| 64 | श्री एम.आर. ढाका जी | – | 14/10/2020 |
| 65 | श्री आलोक अग्रवाल जी | श्री कृष्णपाल सिंह ठाकुर जी | 15/10/2020 |
| 66 | श्री दिलीप मुखारिया जी | श्री सौरभ रान्धेलिया जी | 16/10/2020 |
| 67 | श्री सचिन जैन जी | श्री आदर्श ज्योतिषी जी | 17/10/2020 |
| 68 | श्री योगेश ठाकुर जी | श्री अभय ठाकुर जी | 18/10/2020 |
| 69 | श्री कपिल नाहर जी | श्री विकास जैन जी | 19/10/2020 |
| 70 | श्री मेगवंत ठकुर जी | श्री ब्रजेन्द्र ठाकुर जी | 20/10/2020 |
| 71 | धारणा पटैल जी | श्री आदित्या रान्धेलिया जी | 21/10/2020 |
| 72 | श्री अरविन्द जैन जी | – | 22/10/2020 |
| 73 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्री सौरभ रान्धेलिया जी | 23/10/2020 |
| 74 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्री सौरभ रान्धेलिया जी | 24/10/2020 |
| 75 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्री सौरभ रान्धेलिया जी | 25/10/2020 |
| 76 | श्रीमति रजनी कोठारी जी | श्री सौरभ रान्धेलिया जी | 26/10/2020 |
| 77 | स्व.श्री सेठ नरेशचंद जैन जी (बीएस जैन परिवार) | – | 27/10/2020 |
| 78 | बुंदेलखंड पेट्रोलियम डीलर एसोसिएसन | – | 28/10/2020 |
| 79 | बुंदेलखंड पेट्रोलियम डीलर एसोसिएसन | – | 29/10/2020 |
| 80 | श्री मनोज कुमार जैन जी (एचएस मेडीको) | – | 30/10/2020 |
| 81 | भारतीय जैन संगठन जिला सागर (म.प्र.) (पूर्व) | – | 31/10/2020 |

# विचार संस्था ने साक्षी के इलाज के लिए दिए 1 लाख रुपए

**सागर।** विचार संस्था द्वारा साक्षी राजौरिया के लीवर प्रत्यारोपण हेतु एक लाख रुपए का चैक संस्था अध्यक्ष कपिल मलैया द्वारा प्रदान किया गया है।

यह राशि आदिनाथ स्टाफ, मलैया ट्रेक्टर्स स्टाफ और विचार संस्था के सहायकों के सहयोग से इकट्ठी की गई है। इस मौके पर सिम्मी चौधरी, श्रीयांश जैन, आकांक्षा मलैया, दुष्यंत शर्मा, सुनीता अरिहंत, ऋषभ भारद्वाज, राजेश उपाध्याय उपस्थित थे। साक्षी बिटिया के इलाज में सहयोग के लिए विचार संस्था ने शहरवासियों से मदद की अपील की है।

साक्षी राजौरिया लीवर सबंधी गम्भीर बीमारी से ग्रसित है। बेटी साक्षी के इलाज के लिए सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों द्वारा मदद की अपील की जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने साक्षी के इलाज के लिए 10 लाख की राशि स्वीकृत की है। साक्षी राजौरिया पिता सुधीर राजौरिया जिसकी उमर 18 साल है, इंदौर की मेदान्ता हॉस्पिटल में भर्ती है। उसको Systematic Lupus Erythematosus (SLE) की बीमारी है जिसके कारण उसका लीवर ने काम करना बन्द कर दिया है। उसकी मां की आंखें खराब है जिसके कारण वो देख नही सकती हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति भी ठीक नही है।


संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया एक लाख का चैक देते हुए

# सौरभ रांधेलिया विचार संस्था के उपाध्यक्ष बने



सागर। विचार संस्था के मार्गदर्शक मंडल एवं कार्यकारिणी कमेटी में संयुक्त निर्णय लिया गया कि सौरभ रांधेलिया सामाजिक, विकासशील गतिविधियों एवं मानव सेवा के विकास में अभिरूचि रखते हैं। इसलिए विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया ने सौरभ रांधेलिया को संस्था का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर उनके परिजन सहित इष्ट मित्रों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया।

# विचार संस्था की साप्ताहिक (ऑनलाइन ) बैठक




विचार साप्ताहिक विमर्श में 4 अक्टूबर को "व्यवस्थित बैंकिंग एवं वित्तीय प्रबंधन" के विषय में दीपक अग्रवाल सीनियर मैनेजर, सेंट्रल बैंक आंचलिक अधिकारी प्रशिक्षण केंद्र, भोपाल से रहे जिन्होंने - sovereign gold Bond (SGB), PPF Account, Fle&i Account, Digital platform and safety & measures, IMPA, BHIM App, cyber security से संबंधित सारी जानकार उनके द्वारा दी गई। इस विमर्श के आयोजन में सौरभ रांधेलिया जी, राजेश सिंघई जी एवं आकांक्षा मलैया जी का विशेष योगदान रहा। साथ ही 50 से अधिक लोगों ने गूगल मीट पर इस बैठक से जुड़कर यह लाभदायक जानकारी प्राप्त की।




विचार साप्ताहिक विमर्श में 11 अक्टूबर को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत योजनाएं चल रही योजनाओं के बारे में सचिन मसीह, सिटी मिशन मैनेजर, NULM, सागर,के द्वारा सारी जानकारी दी गई जिसमें दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, (DAY-NULM) के समस्त घटक-

1. गरीबी रेखा से नीचे के हितग्राहियों को ऋण प्रदान करना।
2. स्व सहायता समूह का गठन करवाना।
3. कौशल प्रशिक्षक उन्नयन. (निशुल्क गरीबी रेखा के हितग्राहियों के लिए)
4. आश्रय स्थल-(रेन बसेरा)

**शासन की अन्य योजनाएं -**

प्रधानमंत्री स्वनिधी, स्वच्छता अभियान, अन्य सामाजिक कार्य

5. पथ विक्रेता- पथ पर विक्रय करने वाले हितग्राहियों को सहयोग प्रदान करना से सम्बंधित सारी जानकार उनके द्वारा दी गई। इस विमर्श के आयोजन में अखिलेश समैया जी,सौरभ रंधेलिया जी एवं आकांक्षा मलैया जी का विशेष योगदान रहा। साथ ही 35 से अधिक लोगों ने गूगल मीट पर इस बैठक से जुड़कर यह लाभदायक जानकारी प्राप्त की।

**विचार बैठक 11 अक्टूबर 2020 के निर्णय -**

1.गोबर से दिये बनाने का कार्य लगभग 50% पूर्ण हो गया है जिसमें अभी 44 लाभार्थियों के द्वारा दीपक बनाये जा रहे है। हमारा लक्ष्य 25000 हजार दिये बनाकर इस दिवाली पर ये दिये जलाकर गौ माता और पर्यावरण को संरक्षण प्रदान करना है।

# मीडिया कवरेज


दैनिक भास्कर सागर 14-10-2020

दैनिक भास्कर | बुंदेलखंड | सागर, बुधवार 14 अक्टूबर, 2020 27

आपके विकास को समर्पित
विचार संस्था (स्थापना वर्ष 2003)

विचार संस्था एवं मेरी शान तिरंगा जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 19 जनवरी 2020 को सागर शहर को मिली थी अनूठी पहचान

## 17 किलोमीटर लंबा तिरंगा 31 हजार लोगों ने थामा और बन गई थी भारत की सबसे लंबी तिरंगा मानव श्रृंखला


संजय ड्राइव पर ड्रोन से लिया गया चित्र।

### हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमें एकता, शांति और इंसानियत की सीख देता है : आकांक्षा मलैया

सागर। शहर के लिए 19 जनवरी 2020 एक तारीख से बढ़कर हो गयी थी जब विचार संस्था एवं मेरी शान तिरंगा जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में सागर शहर की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रभक्त नगर के रूप में अनूठी पहचान मिली थी। पूरे देश के लिए यह एक गौरव का मौका था कि लोगों ने तिरंगे को थामकर राष्ट्र के सामने एक कीर्तिमान बनाया और यह विश्व रिकार्ड के रूप में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन में दर्ज हो चुका है वहीं लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाने जा रहे हैं। आयोजन में स्वच्छ भारत, स्वच्छ सागर व सिंगल यूज प्लास्टिक बंदी को भी नगर सुधार की दृष्टि से प्रमुखता के साथ प्रचारित किया गया।

17 किलोमीटर लंबी तिरंगा मानव श्रृंखला यात्रा के लिए हर 500 मीटर पर एक स्टेशन बनाते हुए 34 स्टेशन एवं 23 मचान बनाये गए थे। इसमें समाज सेवा में समर्पित 200 संस्थाओं ने आगे बढ़कर अपनी सुविधानुसार से प्रत्येक स्टेशन की पूर्ण जवाबदारी निभाई और इस आयोजन की सफलता को सुनिश्चित किया था। यह यात्रा दो स्थानों चकराघाट से प्रारंभ होकर तीनबत्ती, मस्जिद होते हुए परकोटा, तीन मढ़िया, गोपालगंज चौक, संजय ड्राइव, मेडिकल कॉलेज के सामने होते हुए सिविल लाइन, पॉलीटेक्निक कॉलेज, पीटीसी ग्राउंड होते हुए पूरी श्री घाट क्र. 2 को पार करते हुए गौर समाधि पर पहुंची थी वहीं शहर के दूसरे छोर मकरोनिया बटालियन गेट से प्रारंभ होकर शंकरगढ़ दादा, हॉस्पिटल केंटीन, फौजदार अस्पताल, कैंट मॉल, सिविल लाइन चौराहा, धीरे चौराहा, पिलीकोठी मार्ग, कालीचरण चौराहा से होते हुए घाट क्र. 1 से होते हुए गौर समाधि पर पहुंची थी। इस आयोजन को निर्विघ्न पूर्ण करने के लिए कार्यक्रम की अवधि के दौरान इन स्टेशनों पर छात्र-छात्राओं एवं मोहल्ला विकास परिवारों द्वारा देश प्रेम से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए थे।

विचार संस्था की सचिव आकांक्षा मलैया ने बताया था कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमें एकता, शांति और इंसानियत की सीख देता है। इसके साथ ही यह सच्चाई और एकता के प्रति हमारे विश्वास को बढ़ाने में भी मदद करता है। उन्होंने इस महान उपलब्धि को सागर जिला वासियों को समर्पित किया था।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती, महान दानवीर सर डॉ हरिसिंह गौर की 150 वीं जयंती व 71 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार 19 जनवरी सुबह 7.30 से 12.30 तक विचार संस्था की स्थापना के 17 वें वर्ष के अवसर पर 17.135 किलोमीटर की 'तिरंगा मानव श्रृंखला' ने पूरे सागर को तिरंगामय कर दिया और राष्ट्रभक्ति की भावना को दिलों से बाहर निकालकर सागर की सड़कों पर सागरवासियों ने जो जज्बा दिखाया वह अतुलनीय है और भविष्य के लिए मार्गदर्शक साबित होगी।



तिरंगा मानव श्रृंखला में सागरवासियों ने जोश के साथ लिया हिस्सा और विचार संस्था को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

## विचार संस्था ने स्वावलंबन योजना के अंतर्गत स्वदेशी उत्पाद निर्माण सामग्री योजना का शुभारंभ किया

### इस योजना का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर उनके द्वारा स्थानीय श्रमिकों को रोजगार देना है : आकांक्षा मलैया

सागर। सहकार भारती के मार्गदर्शन में 12 सितंबर को नए विचार भवन के उद्घाटन के अवसर पर विचार संस्था ने स्वावलंबन योजना के अंतर्गत गोबर से स्वदेशी उत्पाद बनाने के प्रोजेक्ट पर कार्य करना शुरू किया है।

विचार संस्था की सचिव आकांक्षा मलैया ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर उनके द्वारा स्थानीय श्रमिकों को रोजगार देना है। इसके लिए उत्तरप्रदेश के उरई से सागर आईं सहकार भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमति विनीता पाठक जी, सहकार भारती की जिला प्रमुख श्रीमती मानवी सिंह जी और रामकुमार जादौन ने नए विचार भवन में इसको लेकर प्रशिक्षण दिया है। कोरोना काल के चलते सुरक्षा का ध्यान रखते हुए विचार संस्था ने दोपहर एक से दो, दो से तीन और तीन से चार, इस प्रकार की शिफ्ट में 15 लोगों को रूमवार रोककर ये प्रशिक्षण कार्यक्रम में 150 लोगों को प्रशिक्षण दिया है। इस योजना के अंतर्गत गाय के गोबर, मिट्टी और प्रीमिक्स सामग्री से दीपक, गणेश, लक्ष्मी की मूर्ति, स्वस्तिक, ॐ, गमला, वंदनवार आदि वस्तुओं का निर्माण कार्य के साथ द्वारा स्वदेशी भारत अभियान के अंतर्गत बनाये जाएंगे। ऐसे समय पर यह निर्माण आने वाली दीपावली त्योहार के अच्छे व्यापार के रूप को ध्यान रखकर किया जा रहा है। सभी प्रकल्प को व्यवस्थित चलाने के लिए विचार संस्था के सहायकों द्वारा लाभार्थियों को डाई (साँचा) उपलब्ध कराई गई है जिसमें बनाई गई सभी सामग्रियों को बिकने की जिम्मेदारी इनके सहायक और संस्था की होगी। अभी सभी सहायकों के सहयोग से 60 लाभार्थियों के लिए ऐसी नई डाई मुहैया कराई गई है। 16 अक्टूबर तक 25 हजार पीस निर्मित कर लिए जाएंगे।


सहकार भारती के मार्गदर्शन में विचार संस्था ने स्वावलंबन योजना के अंतर्गत गोबर से स्वदेशी उत्पाद बनाने के उत्पाद योजना पर कार्य करना प्रारंभ किया है। इस अवसर पर सहकार भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमति विनीता पाठक जी, जिला प्रमुख श्रीमती मानवी सिंह जी और रामकुमार जादौन जी को विचार संस्था की सचिव आकांक्षा मलैया ने सम्मानित किया।

## सागर सुधार - सागर विकास

### मोहल्ला विकास योजना 12500 परिवारों तक पहुंची

सागर। विचार संस्था द्वारा संचालित मोहल्ला विकास योजना का लक्ष्य व उद्देश्य बुंदेलखंड का सुनियोजित विकास करना, नागरिकों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ाना, लोगों की सोचने की क्षमता बढ़ाना, उन्हें अपने जीवन के निर्णय विकास की दृष्टि से लेने को प्रेरित करना, आवश्यक विषयों पर जागरूकता लेकर लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना है। नए मोहल्ला में योजना की शुरुआत इस प्रकार की जाती है।

इसमें 100 घरों के एक समूह को एक मोहल्ले का नाम दिया गया है। इन 100 घरों की जिम्मेदारी कम से कम 11 सदस्यों की टीम लेती है। टीम में एक पुरुष/महिला को समन्वयक बनाया जाता है। शेष 10 लोगों को पालक बनाया जाता है जिसमें प्रत्येक पालक को 10 परिवारों की जिम्मेदारी दी जाती है, इस तरह से 10 पालक मिलकर मोहल्ला के रूप में बने हुए 100 परिवारों को विकास पर सक्षम करते हैं। वर्तमान में मोहल्ला परिवारों में घर की बगिया व बीज से पेड़ पर कार्य चल रहा है। घर की बगिया प्रोजेक्ट के अंतर्गत 41 मोहल्ला टीमों ने पांच हजार परिवारों को टमाटर, लौकी, तुरई, भिंडी, भटा, करेला बीजों का वितरण कर चुकी है। इन पांच हजार घरों में घर की उगाई सब्जी का लाभ ये परिवार ले रहे हैं जो कि आत्मनिर्भरता की ओर एक प्रयास कर रहा है।


विचार संस्था की सचिव आकांक्षा मलैया महिला को स्वेटर बुनने की ट्रेनिंग देते हुए।



## बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में विचार संस्था द्वारा बनाई हेल्प-डेस्क में अभी तक 602 समस्याओं में से 90 प्रतिशत आंकड़ों के साथ 542 मामलों का सफल निदान

सागर। कोविड 19 मरीजों और उनके परिजनों को हो रही समस्याओं के निदान के लिए बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में सागर कमिश्नर श्री जे.के.जैन की पहल पर विचार संस्था ने हेल्प-डेस्क शुरू किया है। संस्था द्वारा इस जिम्मेदारी को निभाते हुए 65 दिन हो गए हैं जो इस संकट काल से उबरने तक जारी रखी जाएगी।

हेल्प-डेस्क के अंतर्गत दो-दो विचार सेवक 4 घण्टे की शिफ्ट में अपनी सेवाएं देते हैं। इस दौरान बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कोविड 19 मरीजों और उनके परिजनों को हो रही समस्याओं को हेल्प-डेस्क की ड्यूटी पर तैनात विचार सेवकों द्वारा उस दौरान ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों और स्टॉफ को बताकर निदान किया जाता है। अभी तक के रिकॉर्ड में हेल्प-डेस्क पर ऐसे 602 आ चुके मामलों में 90 प्रतिशत निदान के साथ 542 मरीज और उनके परिजनों से संबंधित सभी समस्याओं का निदान किया गया है। हेल्प-डेस्क में सेवाएं दे रहे विचार सेवकों ने इस दौरान के अनुभवों की जानकारी देते हुए बताया कि कोविड पॉजिटिव होने पर सारी वार्ड में एडमिट हुए मरीज की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उन्हें एच.डी.यू. या आई.सी.यू. में शिफ्ट कर दिया जाता है। उस दौरान मरीज के परिजन परेशान रहते हैं। जिसके कारणों में संपर्क सूत्र न हो पाना परेशानी का सबब बन जाता है। इस स्थिति में हेल्प डेस्क के विचार सेवक मरीज की पूरी जानकारी लेते हैं, डॉक्टरों से सम्पर्क करते हैं। साथ ही फुटेज और वीडियो कॉल के जरिए परिजन और मरीज की बात करा देते हैं। इसके लिए विचार हेल्प-डेस्क में रखे कम्प्यूटर के माध्यम से स्काई एप पर कॉलिंग के साथ बीएमसी प्रबंधन द्वारा सारि, एच.डी.यू. और आई.सी.यू. वार्डों में उपलब्ध मोबाइल के माध्यम से बात और वीडियो कॉलिंग कराई जाती है। इसके साथ ही बीएमसी प्रबंधन से मिली लिस्टों के आधार पर एडमिट मरीजों से समय पर इलाज और दवाईयों के बारे में जानकारी ली जाती रहती है। हेल्प डेस्क के द्वारा परिजनों को भिजवाए सामान को उनके हाथों तक पहुंचाने की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की मदद और समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया जाता है। विचार संस्था द्वारा मरीजों को फल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बीएमसी द्वारा दिये जा रहे सही भोजन के साथ फल और अन्य सामग्री समय पर पहुंचाने की सभी जानकारी ली जाती है। साथ ही ऐसी सभी सामग्री को विचार सेवकों द्वारा चैक किया जाता है। इसी क्रम में सारी वार्ड में भर्ती हुए मरीज की रिपोर्ट निगेटिव आने पर छुट्टी के दौरान हो रही परेशानियों को डॉक्टरों से बात करवाकर दूर किया जाता है। किसी भी कार्य को करने से पहले उसमें आने वाली चुनौतियों का सामना करने की इच्छा ही सफलता के नए आयाम लिखती है। इस संक्रमण के भय से जहां लोगों ने निश्चित दूरी बना ली है वहां विचार संस्था की हेल्प-डेस्क इन्हीं मरीजों और उनके परिजनों के बीच रहकर निष्ठा के साथ मदद करने का कार्य कर रही है। (ईकॉट फीचर)

बीएमसी में विचार संस्था द्वारा बनाई गई हेल्प डेस्क में कोविड मरीजों और उनके परिजनों की समस्याएं सुनकर उनका निदान करते हुए विचार सेवक




### विचार संस्था ने 11 हजार लीटर सैनिटाइजर जल और 3140 मास्क वितरित किए



सागर। विचार संस्था सैनिटाइजर जल का निर्माण कर मोहल्लों, वार्डों में जाकर घर-घर वितरित कर रही है। विचार संस्था 12 अक्टूबर तक 11 हजार लीटर सैनिटाइजर जल व 3140 मास्क एवं कोरोना से बचाव होम्योपैथिक दवाई की एक हजार शीशी का वितरण कर चुकी है।

### विचार संस्था ने 1911 परिवारों को राशन की सामग्री वितरित की



सागर। विचार संस्था द्वारा जरूरतमंद परिवारों को गेहूं, चावल, दाल, तेल, नमक, हल्दी, मिर्च, धना आदि जरूरत का सामान 30 जून तक 1911 परिवारों को वितरित कर चुकी है।

### विचार संस्था ने श्रमिकों व राहगीरों को खिचड़ी, भोजन व फल का वितरण किया

सागर। विचार संस्था की पहल व सहयोग से 17 दिन मकरोनिया फोन लाइन चौराहे के पास श्रमिकों, राहगीरों, पथिकों हेतु खिचड़ी, भोजन, फल व बच्चों के लिए वस्तु का वितरण किया गया था।



# मीडिया कवरेज

दैनिक भास्कर | सागर | सागर, मंगलवार 20 अक्टूबर, 2020

**विचार संस्था की पहल** • तिली चौराहा आगम पेट्रोल पंप पर 135 लोगों को मास्क पहनाकर दिया सुरक्षा का संदेश

## 135 लोगों का जांचा ऑक्सीजन सैचुरेशन, 3 की पल्स मिली असामान्य

भास्कर संवाददाता | सागर

दैनिक भास्कर के मास्क ही वैक्सीन अभियान के तहत सोमवार को तिली चौराहे आगम पेट्रोल पंप पर विचार संस्था ने करीब 135 लोगों के ऑक्सीजन सैचुरेशन की जांच कर मास्क पहनाए गए। इनमें बच्चों से लेकर दिव्यांग तथा राहगीर शामिल थे। जांच यह दौरान तीन लोगों की पल्स असामान्य मिली है।

इन्हें डॉक्टर को दिखाने की सलाह संस्था के सदस्यों द्वारा दी गई है। संस्था ने यहां चार बूथ बनाए थे। इन पर लोगों की हैंड सैनीटाइजिंग से लेकर थर्मल स्क्रीनिंग और ऑक्सीजन सैचुरेशन की जांच की गई। इस मौके पर विशाल चौधरी, विशेष चौधरी, अखिलेश समैया, पूजा लोधी, पूजा प्रजापति , अरविन्द अहिरवार, राम कुमार मौजूद थे।






विचार संस्था द्वारा लोगों की जांच की गई।

### विचार कार्यालय प्रांगण में कोरोना वारियर्स के नाम पर पौधे लगाकर सम्मान किया



इधर विचार कार्यालय प्रांगण में पौधरोपण कर कोरोना वारियर्स का सम्मान किया गया। इन पौधों से लगी दीवार पर कोरोना संकट काल में संस्था के जरिए हजारों लोगों की मदद करने वाले वारियर्स के नाम लिखे गए हैं। संस्था के माध्यम से राजेश सिंघई, सुनीता अरिहंत, नितिन पटैरिया, अखिलेश समैया, सूरज सोनी, सौरभ रांधेलिया, रामकृष्ण मिश्रा, कार्तिक भाई पटेल, धवल कुशवाहा, अनुराग विश्वकर्मा, तुलसीराम, देवेन्द्र वर्मा, सुनील जादूगर, राहुल अहिरवार, शिखा चौरसिया, पूजा लोधी, पूजा प्रजापति, विनोद विश्वकर्मा, सुनील साहू, साहब सिंह, नीलेश पटेल, अरविंद अहिरवार, राम कुमार बाल्मिकी, बद्री सेन, इंदरसिंह, जवाहर लाल अहिरवार, प्रदीप आठिया, रामकुमार रैकवार, शरद मोहन दुबे, संजेश सिंह और आशीष सिंह को यह सम्मान दिया गया है। इन वारियर्स ने कोरोना संकट काल मे बगैर डरे बस्तियों में जाकर जरूरतमंदों को अनाज, भोजन पहुंचाया। व्यवस्था संभाल रहे सुरक्षाकर्मियों, पुलिसकर्मियों को समय-समय पर सैनिटाइजर एवं अन्य सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराई। राजमार्ग पर लगातार 17 दिन तक पलायन कर रहे मजदूरों को खिचड़ी, खाना, पानी बांटा। लगातार दो माह से ज्यादा समय से बुंदेलखंड मेडिकल कालेज में विचार सहायता केंद्र में यह वारियर्स सुबह 6 से रात के 12 बजे तक सेवाएं दे रहे हैं। अभी तक 70 दिन में संस्था की हेल्प-डेस्क पर 640 समस्याएं आई हैं।

---

सागर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2020 | देशबन्धु | सागर

## कोरोना वारियर्स के नाम पर वृक्ष लगाकर किया उनका सम्मान



---

आचरण | सागर, मंगलवार , 20 अक्टूबर 2020 | 3

सम्मान | कोरोना काल में जरूरतमंदों को मदद पहुंचाने में रहे सबसे आगे

## कोरोना वारियर्स के नाम पर लगाये पौधे



---

अतुल्य भास्कर | सागर, 20 अक्टूबर 2020 | पेज 2

## कोरोना बारियर्स के नाम पर पौधरोपण कर किया सम्मान

अतुल्य भास्कर, सागर



विचार कार्यालय के प्रांगण में वृक्ष लगाकर कोरोना बारियर्स का सम्मान किया गया है। इन वृक्षों से लगी दीवार पर उन बारियर्स के नाम लिखे गए हैं जिन्होंने इस कोरोना संकट काल में संस्था के माध्यम से हजारों लोगों की मदद की है।

यह वहीं बारियर्स हैं जिन्होंने इस कोरोना संकट काल मे बगैर डरे बस्तियों में जाकर उन घरों में जहां वास्तव में जरूरत थी वहां पहुंचकर अनाज पहुंचाया। भोजन पहुंचाया। कोरोना को लेकर व्यवस्था संभाल रहे सुरक्षा कर्मियों, पुलिस कर्मियों को समय-समय पर सैनिटाइजर एवं अन्य सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराकर उनका हौसला बढ़ाया। राजमार्ग पर जाकर लगातार 17 दिन तक पलायन कर रहे मजदूरों को खिचड़ी व खाना, पानी बांटा। मोहल्ला-मोहल्ला जाकर जागरूकता रथ के माध्यम से कोरोना जागरूकता अभियान चलाया। लगातार दो माह से ज्यादा समय से बुंदेलखंड मेडीकल कालेज में संचालित विचार सहायता केंद्र में यह कोरोना बारियर्स सुबह 6 से रात के 12 बजे तक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस योजनाओं के अंतर्गत सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कालेज में चलाई जा रही हेल्प-डेस्क कोविड19 मरीज और उनके परिजनों को संजीवनी बनकर आई है। इसके माध्यम से मरीजों और उनके परिजनों की सभी समस्याओं को सुनकर उनका निदान किया जाता है। अभी तक संस्था द्वारा हेल्प-डेस्क के माध्यम से 70 दिनों में 640 समस्याओं में से 90 प्रतिशत परिणामों के साथ 576 मरीजों और उनके परिजनों को आने वाली समस्याओं का निदान किया चुंका है। सागर बुंदेलखंड मेडिकल कालेज में कोविड 19 मरीजों के बीच रहकर चलाई जा रही हेल्प-डेस्क पहली योजना है।

समाज सेवा के कार्यों में तत्पर रहकर विचार संस्था के माध्यम से राजेश सिंघई, सुनीता अरिहंत, नितिन पटैरिया, अखिलेश समैया, सूरज सोनी, सौरभ रांधेलिया, रामकृष्ण मिश्रा, कार्तिक भाई पटेल, धवल कुशवाहा, अनुराग विश्वकर्मा, तुलसीराम, देवेन्द्र वर्मा, सुनील जादूगर, राहुल अहिरवार, शिखा चौरसिया, पूजा लोधी, पूजा प्रजापति, विनोद विश्वकर्मा, सुनील साहू, साहब सिंह, नीलेश पटेल, अरविंद अहिरवार, राम कुमार बाल्मिकी, बद्री सेन, इंदरसिंह, जवाहर लाल अहिरवार, प्रदीप आठिया, रामकुमार रैकवार, शरद मोहन दुबे, संजेश सिंह, और आशीष सिंह के विशेष योगदान को देखते हुए यह सम्मान दिया गया है।

# मीडिया कवरेज

3 प्रदेश टुडे सागर, मंगलवार, 20 अक्टूबर 2020



## विचार कार्यालय के प्रांगण में कोरोना वारियर्स के नाम पर वृक्ष लगाकर सम्मान किया

**सागर।** विचार कार्यालय के प्रांगण में वृक्ष लगाकर कोरोना बारियर्स का सम्मान किया गया है। इन वृक्षों से लगी दीवार पर उन वॉरियर्स के नाम लिखे गए हैं। जिन्होंने इस कोरोना संकट काल मे संस्था के माध्यम से हजारों लोगों की मदद की है। समाज सेवा के कार्यों में तत्पर रहकर विचार संस्था के माध्यम से राजेश सिंघई, सुनीता अरिहंत, नितिन पटैरिया, अखिलेश समैया, सूरज सोनी, सौरभ रांधेलिया, रामकृष्ण मिश्रा, कार्तिक भाई पटेल, धवल कुशवाहा, अनुराग विश्वकर्मा, तुलसीराम, देवेन्द्र वर्मा, सुनील जादूगर, राहुल अहिरवार, शिखा चौरसिया, पूजा लोधी, पूजा प्रजापति, विनोद विश्वकर्मा, सुनील साहू, साहब सिंह, नीलेश पटेल, अरविंद अहिरवार, राम कुमार बाल्मिकी, बद्री सेन, इंदरसिंह, जवाहर लाल अहिरवार, प्रदीप आठिया, रामकुमार रैकवार, शरद मोहन दुबे, संजेश सिंह, और आशीष सिंह के विशेष योगदान को देखते हुए यह सम्मान दिया गया है। यह वही बारियर्स हैं जिन्होंने इस कोरोना संकट काल मे बगैर डरे बस्तियों में जाकर उन घरों में जहां वास्तव में जरूरत थी वहां पहुंचकर अनाज पहुंचाया। भोजन पहुंचाया। सुरक्षा कर्मियों, पुलिस कर्मियों को समय-समय पर सैनिटाइजर एवं अन्य सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराकर उनका हौसला बढ़ाया।

दैनिक भास्कर सागर 19-10-2020

## विचार संस्था ने बांटे मास्क

विचार संस्था ने मास्क ही वैक्सीन अभियान के तहत सागर से सटे ग्राम बम्होरी बीका में ग्रामीणों को कोरोना से सुरक्षा को लेकर समझाइश दी तथा मास्क बांटे। इस दौरान करीब 200 ग्रामीणों को मास्क वितरित किए गए। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत में विराजमान देवी जी के प्रांगण में किया गया। इस स्थान पर देवी माता की स्थापना के साथ 7 दिवसीय भागवत कथा का आयोजन भी किया जा रहा है। संस्था ने कथा समापन तक यहां आने वाले श्रद्धालुओं को मास्क वितरण किया।



सागर, सोमवार 19 अक्टूबर 2020 देशबन्धु

## मास्क वितरण कार्यक्रम



**सागर, देशबन्धु।** बम्होरीबीका मास्क वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत सागर से सटे ग्राम बम्होरी बीका में एक समाजसेवी संस्था द्वारा मास्क ही वैक्सीन है जैसी लाइनों को आगे बढ़ाते ग्रामीणों को कोरोना से सुरक्षा को लेकर समझाइस दी गई साथ ही ग्रामीणों को सैकड़ों मास्क वितरित किए गए। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत में विराजमान देवी जी के प्रांगण में किया गया। इस स्थान पर देवी माता की स्थापना के साथ 7 दिवसीय भागवत कथा का आयोजन भी किया जा रहा है जहां भागवत कथा समापन तक यहां आने वाले वाले श्रद्धालुओं के साथ मास्क वितरण कार्यक्रम जारी रखा जाएगा।

प्रदेश टुडे सागर, सोमवार, 19 अक्टूबर 2020

## ग्राम बम्होरी में किया मास्क वितरण



**सागर।** मास्क वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत सागर से सटे ग्राम बम्होरी बीका में विचार संस्था द्वारा मास्क ही वैक्सीन है, जैसी लाइनों को आगे बढ़ाते ग्रामीणों को कोरोना से सुरक्षा को लेकर समझाइश दी गई। साथ ही संस्था द्वारा ग्रामीणों को सैकड़ों मास्क वितरित किए गए। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत में विराजमान देवीजी के प्रांगण में किया गया। इस स्थान पर देवी माता की स्थापना के साथ 7 दिवसीय भागवत कथा का आयोजन भी किया जा रहा है। जहां विचार संस्था द्वारा भागवत कथा समापन तक यहां आने वाले वाले श्रद्धालुओं के साथ मास्क वितरण कार्यक्रम जारी रखा जाएगा।

# मीडिया कवरेज

सागर दिनकर
सागर, सोमवार, 19 अक्टूबर 2020
सागर

## विचार संस्था ने बम्होरी बीका में मास्क वितरण किया



सागर। बम्होरी बीका, विचार संस्था ने मास्क वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत सागर से सटे ग्राम बम्होरी बीका में विचार संस्था द्वारा मास्क ही वैक्सीन है जैसी लाइनों को आंगे बड़ाते ग्रामीणों को कोरोना से सुरक्षा को लेकर समझाइस दी गई। साथ ही संस्था द्वारा ग्रामीणों को सैकड़ों मास्क वितरित किए गए। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत में विराजमान देवी जी के प्रांगण में किया गया। इस स्थान पर देवी माता की स्थापना के साथ 7 दिवसीय भागवत कथा का आयोजन भी किया जा रहा है। जहां विचार संस्था द्वारा भागवत कथा समापन तक यहां आने वाले वाले श्रद्धालुओं के साथ मास्क वितरण कार्यक्रम जारी रखा जाएगा।

दैनिक भास्कर सागर 01-10-2020

## मास्क ही वैक्सीन अभियान शुरू, विचार संस्था ने 60 लोगों को पहनाए मास्क

सागर | दैनिक भास्कर के मास्क ही वैक्सीन अभियान के तहत बुधवार को विचार संस्था ने सिविल लाइन क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने करीब 1 घंटे के दौरान मास्क पुलिस बनकर 60 लोगों को मास्क पहनाए। साथ ही मास्क लगाने की शपथ दिलाई। संस्था के मुख्य सहायक अखिलेश समैया ने बताया कि अभियान के दौरान एक स्टैंड पर हैंड सेनेटाइजर रखा गया था। इसके अलावा एक टेबल पर मास्क रखे गए थे। सिविल लाइंस चौराहे से गुजर रहे बिना मास्क वाले लोगों को संस्था के सदस्यों ने रोका और उनके हाथ सेनेटाइज कराए।

सागर.बुंदेलखंड
सागर, बुधवार 15 अक्टूबर, 2020 06

## 45 लोगों का जांचा ऑक्सीजन सैचुरेशन, दो की पल्स मिली असामान्य

### सिविल लाइन में विचार संस्था और पुरानी सब्जी मंडी में बालाजी सेवा समिति ने बच्चों से लेकर दिव्यांगों तक को पहनाए मास्क

**अभी मास्क ही वैक्सीन है**

भास्कर संवाददाता | सागर

दैनिक भास्कर के मास्क ही वैक्सीन अभियान के तहत बुधवार को सिविल लाइंस और पुरानी सब्जी मंडी में अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब 185 लोगों को मास्क पहनाए गए। इनमें बच्चों से लेकर दिव्यांग तथा राहगीर शामिल थे। सिविल लाइंस में विचार संस्था ने एसटी कोमल चंद पेट्रोल पंप पर अलग-अलग चार बूथ बनाए। इन पर लोगों की हैंड सैनिटाइजिंग से लेकर थर्मल स्क्रीनिंग और ऑक्सीजन सैचुरेशन की जांच की गई। इस दौरान करीब 45 लोगों में से सिर्फ दो लोगों की पल्स असामान्य मिली। इन लोगों को डॉक्टर से जांच कराने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान विचार संस्था के मुख्य सहायक अखिलेश समैया, प्रदीप राधेलिया, राम, अरविंद अहिरवार, नितिन पटेरिया, बद्री, जवाहर तथा सौरभ राधेलिया ने लोगों की जांच की और मास्क बांटे।

इधर पुरानी सब्जी मंडी में बालाजी सेवा समिति के अतुल ठाकुर, संदीप महेश्वरी, निखिल माहेश्वरी, दर्शन माहेश्वरी, शैलेन्द्र गौर, केदारनाथ राठी, विजय जैन मामू, मोनू कटारे, मनोज बिलपुरिया, महेंद्र विश्वकर्मा ने दुकानदार, राहगीरों व लोगों को मास्क पहनने के लिए जागरूक किया। यहां करीबन सौ लोगों को मास्क पहनाए गए। जिनमें दुकानदार, राहगीरों के अलावा दिव्यांग भी थे। अंत में उपस्थित लोगों को हमेशा मास्क पहनने की शपथ दिलाई गई।



अभियान के दौरान सिविल लाइंस में थर्मल स्क्रीनिंग करते विचार संस्था के सदस्य।



पुरानी सब्जी मंडी में दिव्यांगों को मास्क पहनाते बालाजी सेवा समिति के सदस्य

## आज विचार संस्था सिविल लाइंस में चलाएगी अभियान

दैनिक भास्कर के मास्क ही वैक्सीन अभियान के तहत बुधवार को विचार संस्था सिविल लाइंस स्थित पेट्रोल पंप पर अभियान चलाएगी। संस्था के मुख्य सहायक अखिलेश समैया ने बताया कि इस दौरान 4 बूथ लगाए जाएंगे। एक बूथ पर थर्मल स्क्रीनिंग तथा दूसरे बूथ पर ऑक्सीजन सैचुरेशन की जांच कराई जा सकेगी। इसके अलावा तीसरे बूथ पर हैंड सेनीटाइजर तथा चौथे बूथ पर मास्क रखे जाएंगे। थर्मल स्क्रीनिंग और ऑक्सीजन सैचुरेशन की जांच लोग इच्छा के अनुसार करा सकेंगे।

दैनिक भास्कर सागर 31-10-2020

## साक्षी के इलाज के लिए विचार संस्था ने दिए 1 लाख रुपए



सागर | विचार संस्था द्वारा साक्षी राजौरिया के लीवर प्रत्यारोपण के लिए एक लाख रुपए का चैक संस्था अध्यक्ष कपिल मलैया ने उसके परिजन को सौंपा। इसके लिए आदिनाथ स्टाफ, मलैया ट्रैक्टर्स स्टाफ एवं विचार परिवार के सदस्यों ने सहयोग राशि प्रदान की है। इस मौके पर सिम्मी चौधरी, श्रीयांश जैन, आकांक्षा मलैया, दुष्यंत शर्मा, सुनीता अरिहंत, रिषभ भारद्वाज, राजेश उपाध्याय उपस्थित थे। साक्षी के इलाज में सहयोग के लिए संस्था ने शहरवासियों से भी आगे आने का आव्हान किया है।

दैनिक भास्कर सागर 01-11-2020

## सौरभ रांधेलिया विचार संस्था के उपाध्यक्ष बने



सागर | विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया ने सौरभ रांधेलिया को संस्था का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

सागर दिनकर
सागर, सोमवार, 19 अक्टूबर 2020
सागर

## 3 दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का शुभारंभ

सागर दिनकर



सागर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 अंतर्गत नगर निगम द्वारा स्वच्छता के लिये नागरिक सहभागिता के तहत् सिविल लाईन स्थित चंद्रा पार्क में चित्रकला कार्यशाला आयोजन नगर निगम आयुक्त आरपी अहिरवार, स्मार्ट सिटी सीईओ राहुलसिंह एवं नागरिक सहभागिता के तहत् विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के सदस्यों की उपस्थित में किया गया। कार्यशाला में शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाये रखने के उद्देश्य से नगर की प्रतिभाओं ने चित्रकला का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर फाइन आर्ट ग्रुप के इसरार खान, विचारमंच संस्था के अखलेश समैया सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# ॥विचार संस्था॥

(स्थापना वर्ष 2003)

# निवेदन

आपसे निवेदन है कि अधिक से अधिक मात्रा में दान देकर इस मुहिम को आगे बढ़ाने में सहयोग करें।

दान राशि बैंक खाते में डालने हेतु जानकारी इस प्रकार है।

Bank a/c name- VicharSamiti

Bank- State Bank of India

Account No.- 37941791894

IFSC code- SBIN0000475

Paytm/ Phonepe/ Googlepay/ upi

आदि दान करने के लिए नीचे दिए गए

QR कोड को स्कैन करें.

BHIM | UPI

VICHAR SAMITI

Pay With Any App

G Pay Paytm PhonePe

WhatsApp amazon

150+ Apps

Powered by BharatPe

## - संपर्क -

Website : vicharsanstha.com

Facebook : Vichar Sanstha

Youtube : Vichar Samachar

Ph. No. : 9575737475, 9009780042

Address : 258/1, Tilakganj, Behind Adinath Cars Ltd, Sagar (M.P.) 470002